# 10वीं का 65 .95 एवं 12वीं का 71 .39 प्रतिशत रहा परिणाम

**10वीं में अनमोल का प्रदेश में चौथा स्थान, 12वीं में पीसीएम संकाय में प्रदेश में दूसरी व ग्वालियर में टॉपर रहीं गौरी शर्मा**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 15अप्रैल।** एमपी बोर्ड ने आज 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। ग्वालियर जिले में 10वीं का रिजल्ट 65.95 प्रतिशत और 12वीं का 71.39 प्रतिशत रहा।

जिले के छात्र अनमोल गोयल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया। अनमोल ने 500 में से 496 अंक प्राप्त कर ग्वालियर में टॉप किया।

अनमोल ने बताया कि वे रोजाना 8 से 9 घंटे पढ़ाई करते थे। मोबाइल का उपयोग केवल पढ़ाई से जुड़े सवालों के समाधान के लिए किया और सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाए रखी। उन्होंने कहा कि एकाग्रता के साथ पढ़ाई की जाए तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। अनमोल का सपना भविष्य में आईपीएस अधिकारी बनने का है। मनोरंजन के लिए वे सोशल मीडिया की जगह टीवी देखते थे जबकि पढ़ाई के लिए यूट्यूब का सहारा लेते थे।

**हाईस्कूल में 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थी:**

हर्ष गुप्ता- 90 फीसदी, पिता प्राइवेट नौकरी में। रिमझिम परिहार- 92.60 फीसदी,पिता किसान। चिंकी किरार-92.8 प्रतिशत, पिता व्यवसाय करते हैं। निखिल रावत- 91.8 प्रतिशत, पिता कृषक।

इस साल दसवीं में ग्वालियर में 65.95 प्रतिशत छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। जबकि साल 2025 में 67.99 प्रतिशत छात्र पास हुए थे। इस साल 02.04 प्रतिशत की कमी आई है।

**12वीं में 9.46 प्रतिशत ज्यादा बच्चे पास हुए:** ग्वालियर में 12वीं का परीक्षा परिणाम ने इस बार पहले से अच्छा रहा है। पिछले साल 2025 की तुलना में इस साल 2026 में 9.46 प्रतिशत ज्यादा बच्चे पास हुए है। इस साल 12 में ग्वालियर में 71.39 प्रतिशत छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। जबकि साल 2025 में 61.93 प्रतिशत छात्र पास हुए थे। इस साल 9.46 प्रतिशत ज्यादा बच्चे पास हुए हैं।

**हाईस्कूल में ये छात्र भी रहे प्रावीण्य सूची में:** हाईस्कूल में संत कंवरराम उमावि डबरा के छात्र अंशुल साहू व शासकीय सांदीपनि उमावि बेरजा के छात्र पंकज बघेल ने 493 - 493 अंक हासिल कर सातवां स्थान प्राप्त किया है। सांदीपनि पद्मा कन्या उमावि की छात्रा कु. तमन्ना गुप्ता, जैक एण्ड जिल कन्या हाईस्कूल कम्पू लश्कर की कु. पलक चौरसिया, समर्थ बाल मंदिर उमावि आनंदनगर की छात्रा कु. रंजना धाकड़ व एस किण्डर गार्डन हाईस्कूल के छात्र रोहित कुशवाह द्वारा 492 - 492 अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान पाया है। इसी तरह शासकीय पद्मा कन्या उमावि लश्कर की छात्रा कु. राखी राठौर, एस किण्डर गार्डन स्कूल तानसेन नगर की छात्रा कु. आयुषी भदौरिया व सम्राट पब्लिक उमावि शिव कॉलोनी मुरार की छात्रा कु. गुनगुन टैगोर ने 491 - 491 अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में नौवां स्थान हासिल किया है। शासकीय हाईस्कूल बड़ोरी की छात्रा कु. पलक ने 500 में से 490 अंक हासिल कर प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान पाया है।

**हायर सेकेण्ड्री में ये परीक्षार्थी प्रावीण्य सूची में:** हायर सेकेण्ड्री परीक्षा के विज्ञान - गणित समूह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फोर्ट ग्वालियर की छात्रा कु. गौरी शर्मा ने 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह वाणिज्य समूह में शासकीय कन्या उमावि शिंदे की छावनी की छात्रा कु. मनु शुक्ला ने 489 अंक हासिल कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान पाया है। हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में विज्ञान गणित समूह में शासकीय बालक उमावि भितरवार के छात्र हर्ष गोयल ने 489 अंक प्राप्त कर चौथा, शासकीय उमावि फोर्ट ग्वालियर के छात्र हर्ष यादव ने 486 अंक प्राप्त कर सातवां एवं लार्ड कृष्णा उमावि ग्वालियर की छात्रा कु. सारिका जाटव ने 485 अंक हासिल कर प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान पाया है। हायर सेकेण्ड्री परीक्षा के वाणिज्य समूह में शासकीय उत्कृष्ट उमावि मुरार-1 की छात्रा कु. अनुष्का शर्मा ने 487 अंक हासिल कर चौथा, गायत्री उमावि निम्बालकर की गोठ लश्कर के छात्र देवराज पाल ने 485 अंक प्राप्त कर छठवां एवं सिद्धार्थ मॉर्डन अंग्रेजी माध्यम उमावि लश्कर की छात्रा कु. कनक अग्रवाल, शासकीय गजराराजा कन्या उमावि की छात्रा कु. सुरभि आवले व सिद्धार्थ मॉर्डन अंग्रेजी माध्यम उमावि लश्कर के छात्र तनिष्क गोस्वामी ने 481-481 अंक हासिल कर प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान बनाया है।

10वीं में प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त करने वाला अनमोल अपने माता पिता के साथ

### इन्होंने किया ग्वालियर का नाम रोशन

ग्वालियर के अनमोल गोयल पुत्र प्रवीण गोयल ने 10वीं में 496 अंक पाकर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। वह ग्वालियर के द्वारिकापुरी संत चिन्मय पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का छात्र है। ग्वालियर के गजराराजा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की अनुष्का राठौर, संत कवरराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अंशुल साहू और शासकीय सांदीपनि विद्यालय बेरजा के पंकज बघेल ने 493 अंक लाकर संयुक्त रूप से प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया। ग्वालियर जिले में 12वीं में 26,744 और 10वीं में 25942 विद्यार्थी शामिल हुए थे। उन्होंने क्रमश: 84 और 91 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दी थी।

12वीं में पीसीएम संकाय में प्रदेश में दूसरा स्थान व ग्वालियर में टॉपर रहीं गौरी शर्मा अपनी मां के साथ

12वीं की परीक्षा में पीसीएम संकाय में प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल करने वाली ग्वालियर की गौरी शर्मा ने 491 अंक प्राप्त किए हैं। गौरी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। गौरी ने बताया कि जब भी उन्हें लगा कि वे आगे नहीं बढ़ पाएंगी, तब उनके माता-पिता और शिक्षकों ने मार्गदर्शन कर हौसला बढ़ाया। इस कामयाबी की खुशी शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। गौरी का सपना सिविल सर्विस परीक्षा पास कर आईएएस अधिकारी बनना है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ उनका ही नहीं, बल्कि उनके माता-पिता का भी सपना है, जिसे वे हर हाल में पूरा करना चाहती हैं।

### रामू तोमर ने दिया श्रुति को आशीर्वाद

ग्वालियर। भाजपा के युवा नेता रामू तोमर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि चंबल क्षेत्र के पोरसा की बिटिया श्रुति तोमर ने 12वीं कक्षा के परिणाम में पूरे मध्य प्रदेश में टॉप करके अपने परिवार, स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। द्रोण अकैडमी स्कूल में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जो उनके कठिन परिश्रम और लगन का सम्मान है। ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों की सफलता बाकी बच्चों के लिए भी प्रेरणा बनती है।

अनमोल गोयल | सार्थक गुप्ता | रौनक खान

## संत चिन्मय स्कूल के विद्यार्थियों ने फहराया सफलता का परचम

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 15अप्रैल।** शहर के प्रतिष्ठित संत चिन्मय स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में एक बार फिर सफलता का परचम फहराया है। आज घोषित हुए दसवीं के परीक्षा परिणामों में स्कूल के छात्रों ने न केवल शहर में, बल्कि पूरे प्रदेश में अपना नाम रोशन किया है। अनमोल गोयल ने इतिहास रचा है। इस साल की सबसे बड़ी कामयाबी अनमोल गोयल ने हासिल की है। अनमोल ने 99.2 फीसदी अंक प्राप्त कर ग्वालियर में प्रथम स्थान हासिल किया है। इतना ही नहीं, उनकी इस बेहतरीन परफॉर्मेंस ने उन्हें प्रदेश की मेरिट लिस्ट में चौथा स्थान दिलाया है। अनमोल की इस सफलता से स्कूल और उनके परिवार में जश्न का माहौल है। रौनक और सार्थक का भी परीक्षा परिणाम में जलवा रहा है। अनमोल के साथ-साथ स्कूल के अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन कर अपनी योग्यता साबित की है। सार्थक ने 96 फीसदी अंक प्राप्त कर टॉपर्स की सूची में अपनी जगह बनाई। रौनक खान ने 94.6 फीसदी अंकों के साथ बेहतरीन सफलता हासिल की। विद्यार्थियों की इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को बधाई दी है। स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने बच्चों की इस कड़ी मेहनत और लगन की सराहना की है। प्राचार्य ने कहा कि यह नतीजा बच्चों के कठिन परिश्रम और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है।

## उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 मुरार का 10वीं और 12वीं में दबदबा

**ग्वालियर।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखने वाले जिले के एकमात्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, मुरार ने इस वर्ष 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विद्यालय का परीक्षा परिणाम न केवल जिले में बल्कि प्रदेश स्तर पर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध कर रहा है। **99 प्रतिशत से अधिक रहा सफलता का ग्राफ:** विद्यालय की अध्यापिका रेखा मूले और स्मिता भदोरिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस वर्ष कक्षा 10वीं में कुल 240 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 239 छात्र उत्तीर्ण हुए। मात्र एक छात्र अनिवार्य कारणों से सफल नहीं हो सका, जिसके संदर्भ में शिक्षकों ने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते वह परीक्षा में पूर्ण रूप से एकाग्र नहीं हो पाया। इस प्रकार 10वीं का कुल परिणाम 99.58 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 12वीं में 393 विद्यार्थियों में से 389 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। केवल 4 विद्यार्थी ही अनुत्तीर्ण रहे, जिससे 12वीं का परिणाम 98.98 प्रतिशत रहा।

**इनका कहना हैं...**

'उत्कृष्ट विद्यालय केवल अपने नाम से नहीं, बल्कि अपने निरंतर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से उत्कृष्ट है। हमारे शिक्षकों का समर्पण और विद्यार्थियों का परिश्रम ही हर साल इस तरह के परिणाम लाता है। सभी उत्तीर्ण छात्रों को बहुत-बहुत बधाई।'

**— प्रबुद्ध गर्ग, प्राचार्य**

### उत्कृष्ट विद्यालय के सेक्शन 'बी' का रहा शत-प्रतिशत परिणाम

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, मुरार की कक्षा 10 वीं के सेक्शन 'बी' ने विद्यालय का मान बढ़ाया है। इस सेक्शन के सभी 54 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। क्लास टीचर स्मिता भदौरिया ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय के अनुशासित वातावरण और बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

### छात्र आदर्श भारद्वाज ने तीन विषयों में हासिल की 'डिस्टिंक्शन'

विद्यालय के होनहार छात्र आदर्श भारद्वाज (कक्षा 10वीं, सेक्शन-बी ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आदर्श ने तीन प्रमुख विषयों हिन्दी 84, गणित 79 और सामाजिक विज्ञान में 93 अंक हासिल कर विशेष योग्यता (डिस्टिंक्शन) प्राप्त की है। शैक्षणिक क्षेत्र के साथ-साथ आदर्श ने एनसीसी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'ए' सर्टिफिकेट प्राप्त किया है। उन्होने अपनी सफलता का श्रेय अपनी टीचर्स को दिया है। उनकी इस दोहरी सफलता पर प्राचार्य प्रबुद्ध गर्ग, एनसीसी अधिकारी धर्मपाल सिंह बघेल और कक्षा अध्यापिका स्मिता भदौरिया, तिवारी सर आदि ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## ग्वालियर की बेटियों ने फिर गाड़ा सफलता का झंडा

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 15अप्रैल।** हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणामों में ग्वालियर के स्कूलों ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। विशेष रूप से शहर के प्रतिष्ठित सांदीपनि पद्माराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लश्कर की छात्राओं ने प्रदेश और जिले की मेरिट सूची में स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

**मेरिट सूची में छात्राओं का दबदबा:**

विद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस वर्ष हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा, जिसमें शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण छात्राओं का दबदबा रहा। वहीं हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) का परिणाम भी 90 प्रतिशत रहा है। राज्य स्तरीय मेरिट सूची में विद्यालय की दो मेधावी छात्राओं ने अपनी जगह बनाई है। तमन्ना गुप्ता ने कुल 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में 8वां स्थान हासिल किया है।

**सांदीपनि पद्माराजे स्कूल का रहा शानदार परीक्षा परिणाम**

राखी राठौर ने 491 अंक अर्जित कर प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के शानदार प्रदर्शन और राज्य स्तर पर छात्राओं की इस उपलब्धि पर अनिल शर्मा सहित समस्त स्टाफ और विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रतिफल बताया है।


# भारतीय प्रबंध संस्थान सम्बलपुर

द्वारा

नवसर्जनम्-शुचिता-समावेशत्वम्
IIM SAMBALPUR

## चार वर्षीय स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा

(दूसरा बैच अगस्त/सितंबर 2026 से प्रारंभ होगा)

### डेटा साइन्स एवं एआई में विज्ञान स्नातक(बी.एस.)
### Bachelor of Science (B.S.) in Data Science & AI

☑ आईआईटी जेईई मेन 2026 अंक और निजी साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश।

**अवधि:** पूर्णकालिक आवासीय कार्यक्रम, 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) की अवधि के साथ, जिसमें सहज प्रवेश-निकास विकल्प उपलब्ध हैं।

**पात्रता मानदंड:**

(क) अभ्यर्थी कक्षा 12वीं/एचएससी या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो या वर्तमान में कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षा में उपस्थित हो रहा हो, जिसका परिणाम जून 2026 तक अपेक्षित हो।

(ख) सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए कक्षा 10वीं/ एसएससी और कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में सभी विषयों में न्यूनतम 60% कुल अंक होना आवश्यक है।

(ग) अभ्यर्थी कक्षा 10वीं/ एसएससी और कक्षा 12वीं/ एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में अंग्रेज़ी भाषा और गणित विषय की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(घ) अभ्यर्थी के पास जेईई(मेन) 2026 का वैध अंक होना आवश्यक है।

**मेरिट सूची की तैयारी:**

अंतिम मेरिट सूची जेईई(मेन) 2026 के अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी।

अधिक जानकारी और आवेदन समय-सारणी के लिए, कृपया www.iimsambalpur.ac.in को देखें या ऊपर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।



**परिसर की मुख्य विशेषताएँ :**

- भारतीय प्रबंध संस्थान संबलपुर पहला संस्थान है जिसने डीएसएआई ओर एमपीपी में बीएस. पाठ्यक्रम शुरू किया हैं।
- एनआईआरेएफ मैनेजमेंट रैंकिंग 2025 में 34वां स्थान।
- हाई-स्पीड इंटरनेट के साथ तकनीक-सक्षम स्मार्ट कक्षा।
- ओडिशा में आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल परिसर सहित डिजिटल बुनियादी ढांचा और वातनुकूलित छात्रावास कक्ष सुविधा।
- आर्टिफिशल इन्टेलिजन्स् (एआई)-सक्षम कक्षा में शिक्षण ।

**पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ:**

1. पाठ्यक्रम नवीनतम उद्योग प्रवृत्तियों और शैक्षणिक अनुसंधान के अग्रिम क्षेत्रों के अनुरूप है।
2. केस अध्ययन-आधारित शिक्षण, जो वास्तविक उद्योग की समस्याओं और व्यावहारिक सीख के माध्यम से सिद्धांत और अभ्यास के बीच संबंध स्थापित करता है।
3. वास्तविक दुनिया का अनुभव लाइव परियोजना, इंटर्नशिप और उद्योग सहयोग के माध्यम से।
4. अंतिम वर्ष का शोध प्रबंध, जो एआई और डेटा-संचालित दृष्टिकोण का उपयोग करके वास्तविक दुनिया की समस्याओं को समाधान करने पर केंद्रित है।
5. उद्योग-केंद्रित मॉड्यूल, जिन्हें अग्रणी तकनीकी कंपनियों और एआई विशेषज्ञों के साथ मिलकर डिज़ाइन किया गया है।
6. एनईपी 2020 के अनुरूप कई निकासी विकल्प: प्रमाणपत्र (पहला वर्ष), डिप्लोमा (दुसरा वर्ष), डिग्री (तीसरा वर्ष), ऑनर्स (चौथा वर्ष)।
7. अंतर-विषयक और कौशल-आधारित शिक्षा का समर्थन करने के लिए कोर्सरा तक एकीकृत पहुंच ।

### प्रबंध एवं पब्लिक पॉलिसी में विज्ञान स्नातक (बी.एस.)
### Bachelor of Science (B.S.) in Management & Public Policy

☑ प्रवेश आईपीएमएटी 2026 अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से।

**अवधि:** पूर्णकालिक आवासीय कार्यक्रम, 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) की अवधि के साथ, जिसमें सहज प्रवेश-निकास विकल्प उपलब्ध हैं।

**पात्रता मानदंड:**

(क) अभ्यर्थी कक्षा 12वीं/एचएससी या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो, या वर्तमान में कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षा में उपस्थित हो रहा, जिसका परिणाम जून 2026 तक अपेक्षित हो।

(ख) सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए कक्षा 10वीं/ एसएससी और कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में न्यून तम 60% अंक होना आवश्यक है।

(ग) अभ्यर्थी कक्षा 10वीं/एसएससी और कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में अंग्रेज़ी भाषा की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(घ) अभ्यर्थी के पास आईआईएम इंदौर द्वारा आयोजित इंटिग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एप्टिट्युड टेस्ट (आईपीएमएटी) परीक्षा 2026 का वैध अंक होना आवश्यक है।

**मेरिट सूची की तैयारी:**

अंतिम मेरिट सूची आईपीएमएटी 2026 के अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी।

अधिक जानकारी और आवेदन समय-सारणी के लिए, कृपया www.iimsambalpur.ac.in को देखें या ऊपर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

**पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ:**

1. पाठ्यक्रम में विपणन, अर्थशास्त्र, वित्त, संचालन और विश्लेषण शामिल हैं, साथ ही स्थिरता और नीति में मजबूत आधार प्रदान किया गया है।
2. 170 क्रेडिट का पाठ्यक्रम, जिसमें अंतिम वर्ष में कैपस्टोन परियोजना और शोध कौशल विकास के साथ शोध प्रबंध शामिल है।
3. व्यक्तिगत कौशल विकास, जिसमें कार्यशालाओं के माध्यम से महत्वपूर्ण सोच, अभिकल्प, सिमुलेशन और निजी ब्रांडिंग पर प्रशिक्षण शामिल है।
4. क्षेत्रीय इमर्शन और कॉर्पोरेट, एनजीओ, सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं और सरकारी संस्थानों के साथ सहभागिता के माध्यम से वास्तविक दुनिया का अनुभव।
5. एनईपी 2020 के अनुरूप कई निकासी विकल्प: प्रमाणपत्र (पहला वर्ष), डिप्लोमा (दुसरा वर्ष), डिग्री (तीसरा वर्ष), ऑनर्स (चौथा वर्ष)।
6. अंतर-विषयक और कौशल-आधारित शिक्षा का समर्थन करने के लिए कोर्सरा तक एकीकृत पहुंच ।

**अतिरिक्त सूचना:**

- आयु सीमा - प्रवेश के लिए अधिकतम आयु 31 जुलाई, 2026 तक 20 वर्ष है।
- ध्यान दें - अंक, आयु में छूट और आरक्षित वर्ग के लिए सीट आरक्षण भारत सरकार के नियमों के अनुसार होगा।

**महत्वपूर्ण तिथि:**

- आवेदन प्रारंभ : दिनांक 15 अप्रैल, 2026
- आवेदन की अंतिम तिथि : दिनांक 31 मई, 2026
- व्यक्तिगत साक्षातकार : दिनांक 10 जून - 30 जून, 2026 (संभावित)
- परिणामों की घोषणा/ऑफर जारी : जूलाई, 2026 (संभावित)
- कार्यक्रम का प्रारंभ : अगस्त, 2026 (संभावित)

**भारतीय प्रबंध संस्थान संबलपुर, बसंतपुर, संबलपुर (ओड़िशा)**
संपर्क संख्या- 9078546024 / 7205726111, ईमेल आईडी- bs.admission@iimsambalpur.ac.in